दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास

(संसदीय अधिनियम 14, 1964 द्वारा घोषित 'राष्ट्रीय महत्व प्राप्त संस्था')

उच्च शिक्षा और शोध संस्थान

DAKSHINA BHARAT HINDI PRACHAR SABHA, MADRAS

(DECLARED BY PARLIAMENT AS AN INSTITUTION OF NATIONAL IMPORTANCE BY ACT No. 14 of 1964)

POST GRADUATE AND RESEARCH COMPLEX

एम.ए. (हिन्दी) / स्नातकोत्तर अनुवाद डिप्लोमा

M.A. (HINDI) / P.G. DIPLOMA IN TRANSLATION

दूरस्थ शिक्षा निदेशालय

DISTANCE EDUCATION DIRECTORATE

विवरण पत्रिका

PROSPECTUS

DAKSHINA BHARAT HINDI PRACHAR SABHA, MADRAS
THANIKACHALAM ROAD,
T. NAGAR, CHENNAI - 600 017.
PHONE : 2433 2094, 2434 8640, 2434 1824, 2434 5486,
FAX : (044) 24332098, 24348420
Website - www.dbhpsabha.org
Direct Phone Number to the Distance Education: 24332033; Fax : (044) 24332033

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास

एक झाँकी

1. **दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा** शुरू से अब तक दो करोड़ से अधिक लोगों को हिन्दी सिखा चुकी है।

2. विविध शीर्षक वाली करीब चार सौ पचास से अधिक हिन्दी पुस्तकें प्रकाशित कर चुकी है।

3. बावन हज़ार प्रशिक्षित हिन्दी शिक्षकों, प्रचारकों को तैयार कर चुकी है।

4. करीब 16 हज़ार केन्द्रों में हिन्दी वर्गों का संचालन हो रहा है।

5. सभा के प्रयत्न से दक्षिण में (द्विभाषा सूत्र को लागू करने के कारण तमिलनाडु राज्य को छोड़कर) हिन्दी न केवल मिडिल स्कूल व हाई स्कूलों में, बल्कि प्रायः सभी कॉलेजों में भी पढ़ाई जा रही है।

6. सभा दक्षिण के चारों राज्यों के विद्यालयों में हिन्दी को प्रवेश दिलाने में एक साधन के रूप में रही है। प्रौढ़ों और महिलाओं को साक्षर बनाने में इसकी मुख्य भूमिका रही है।

7. हिन्दी शिक्षा के साथ-साथ दक्षिण के प्रादेशिक भाषाओं तथा उनके साहित्य के समन्वय, आदान-प्रदान तथा हिन्दी में मौलिक सृजन-प्रक्रिया में भी सभा, मार्ग-दर्शन कर रही है।

8. सभा की परीक्षाओं में हर साल लगभग पाँच लाख परीक्षार्थी सम्मिलित होते हैं।

9. दक्षिण के चारों राज्यों में सभा की शाखा-प्रशाखाएँ, निजी-भवन तथा मुद्रण सुविधाओं के साथ-साथ हिन्दी के विकास की गतिविधियाँ फूल-फल रही हैं।

10. सभा के "उच्च शिक्षा और शोध-संस्थान" द्वारा चारों प्रांतों में एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी., डी.लिट्. तथा हिन्दी माध्यम के बी.एड./शिक्षा स्नातक, हिन्दी प्रचारक प्रशिक्षण एवं अनुवाद डिप्लोमा कॉलेज चलाए जा रहे हैं।

11. दूरस्थ माध्यम से एम.ए. (हिन्दी), स्नातकोत्तर अनुवाद डिप्लोमा, बी.ए. (तीन वर्ष), पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक चलाए जा रहे हैं।

12. केन्द्र सभा का वार्षिक बजट पाँच करोड़ से अधिक का है।

13. दृश्य-श्रव्य माध्यम से (विज्ञान के नये आविष्कारों को काम में लाते हुए) हिन्दी प्रचार की नई दिशा में काम हो रहा है।

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास

उच्च शिक्षा और शोध संस्थान

भारत सरकार ने सभा को सन् 1964 में संसद में पारित अधिनियम सं. 14 के अनुसार "राष्ट्रीय महत्व की संस्था" के रूप में घोषित कर अभिस्वीकृति दी है।

GOVERNMENT OF INDIA

MINISTRY OF EDUCATION

New Delhi-2, Dated the 30th May 1964

NOTIFICATION

(No. F. 19-49/61-H. 1)

No. S.O. ..... in exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 1 of the Dakshina Bharat Hindi Prachar Sabha Act, 1964 (Act.14 of 1964), the Central Government hereby appoints the 1st day of June, 1964, as the date on which the said Act shall come into force.

R. K. KAPUR

Joint Educational Adviser

Dakshina Bharat Hindi Prachar Sabha

(Central Act 14 of 1964)

AN INSTITUTION OF NATIONAL IMPORTANCE

Whereas the object of the institution known as the Dakshina Bharat Hindi Prachar Sabha are such as to make it an institution of national importance, it is hereby declared that the **Dakshina Bharat Hindi Prachar Sabha is an Institution of National Importance.**

(Section 3 of the Act)

POWERS OF THE SABHA

"Notwithstanding anything contained in the University Grants Commission Act 1956, or in any other law for the time being in force, the Sabha may hold such examinations and grant such degrees, diplomas and certificates for proficiency in Hindi or in the teaching of Hindi as may be determined by the Sabha from time to time."

(Section 4 of the Act)



पूज्य बापू
संस्थापक एवं प्रथम अध्यक्ष
दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास

संसदीय अधिनियम 14, सन् 1964 द्वारा घोषित "राष्ट्रीय महत्व की संस्था"

संस्थापित : सन् 1918

सभा के पदाधिकारी

अध्यक्ष	:	**डॉ. जस्टिस शिवराज वी. पाटिल**
प्रथम उपाध्यक्ष	:	**श्री एच. हनुमंतप्प**
द्वितीय उपाध्यक्ष	:	**श्री ए.पी.सी.वी. चोक्कलिंगम**
समकुलपति	:	**श्री आर.एफ़. नीरलकट्टी**
कोषाध्यक्ष	:	**श्री सी.एन.वी. अण्णामलै**
चैयरमेन, कार्यकारिणी समिति एवं अध्यक्ष, शिक्षा परिषद्	:	**श्री एस. पार्थसारथी**
प्रधान सचिव	:	**श्री गोदा वेंकट कृष्णाराव**
प्रबंध निधिपालक	:	**श्री ई.एस. जोस**
विशेष अधिकारी	:	**श्री के. दीनबन्धु, आई.ए.एस. (सेवा निवृत्त)**
कुलसचिव	:	**प्रो. निर्मला एस. मौर्य**

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास

उच्च शिक्षा और शोध संस्थान

संस्थापित : सन् 1964

संस्थान के पदाधिकारी

कुलाधिपति

डॉ. जस्टिस शिवराज वी. पाटिल

कुलपति

श्री एच. हनुमंतप्प

समकुलपति

श्री आर.एफ़. नीरलकट्टी

कुलसचिव

प्रो. निर्मला एस. मौर्य

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा : एक परिचय

हिन्दी भाषा के प्रचार के द्वारा जन-जागरण, प्रजातंत्र की जीवन-प्रणाली के प्रति आस्था उत्पन्न करने तथा राष्ट्रीय एकीकरण को सिंचित करने के पावन उद्देश्य से सन् 1918 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी ने दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा की नींव डाली थी और वे आजीवन इस संस्था के अध्यक्ष रहे। सन् 1918 से मद्रास में हिन्दी वर्ग चलने लगे। गांधीजी के सुपुत्र देवदास गांधी प्रथम हिन्दी प्रचारक बने। पं. जवाहरलाल नेहरू, बाबू राजेन्द्र प्रसाद, आचार्य विनोबा भावे, काका कालेलकर, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, श्री पी.वी. नरसिंह राव, श्री आर. वेंकटरामन, डॉ. बी.डी. जत्ती आदि मनीषियों ने सभा की गतिविधियों में सक्रिय योगदान दिया है।

सन् 1964 में संसद के अधिनियम द्वारा सभा को राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित किया गया। सभा को विश्वविद्यालय स्तर के पाठ्यक्रमों की शिक्षा देने और उपाधियाँ प्रदान करने का अधिकार प्राप्त हुआ।

सभा का केन्द्रीय कार्यालय चेन्नई (मद्रास) में है। सभा की शाखाएँ दक्षिण के चारों प्रान्तों - केरल, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश और तमिलनाडु - में हैं तथा दिल्ली में संपर्क कार्यालय है।

सभा के द्वारा उपलब्ध सेवाएँ:

i. प्रारंभिक एवं उच्च परीक्षाएँ
ii. पाठ्य पुस्तकों का निर्माण एवं प्रकाशन
iii. प्रचारक/शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम
iv. एम.ए., डी.लिट्., बी.एड. तथा स्नातकोत्तर-अनुवाद डिप्लोमा, पत्रकारिता डिप्लोमा पाठ्यक्रम, बी.ए., एम.ए. (हिन्दी), स्नातकोत्तर अनुवाद डिप्लोमा, एम.फिल., पीएच.डी. (दूरस्थ शिक्षा)।
v. मानक शब्दकोशों का निर्माण
vi. आडियो कैसेट का निर्माण–व्याकरण पाठ, बोलचाल की हिन्दी, बापू के प्रिय भजन आदि।
vii. जनसाधारण के लिए सार्वजनिक पुस्तकालय तथा उच्च शिक्षा और शोध संस्थान से संबद्ध अनुसंधान कार्य के लिए राष्ट्रीय हिन्दी ग्रन्थालय की सुविधाएँ।

सभा का उद्देश्य:

सभा के प्रमाणित प्रचारकों के द्वारा दक्षिण के चारों प्रान्तों के गाँव-गाँव में हिन्दी पढ़ाने की व्यवस्था तथा एतद्वारा राष्ट्रभाषा एवं राजभाषा हिन्दी के लिए दक्षिण भारत भर में अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करना; हिन्दी के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में हिन्दी को हर प्रकार से समृद्ध बनाने में योग देना।

अन्य कार्यकलाप:

i. राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएँ, विचार मंच, कवि गोष्ठियाँ, कवि-लेखक समादर, भाषण-मालाओं का आयोजन।
ii. अनुवाद के क्षेत्र में दक्षता प्रदान करने स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम तथा अनुवाद कार्य के लिए सुविधाएँ।
iii. हिन्दी और अंग्रेजी के अलावा दक्षिण की सभी भाषाओं में कम्प्यूटर संसाधित मुद्रण सुविधाएँ।

सभा के इतिहास की कुछ प्रमुख घटनाएँ:

सन् 1918 सभा की स्थापना व प्रथम प्रचारक देवदास गांधी द्वारा हिन्दी वर्ग का प्रारंभ।

सन् 1920 प्रान्तीय भाषाओं में हिन्दी स्वबोधिनी का प्रकाशन।

सन् 1922 हिन्दी प्रचार सभा मुद्रणालय की स्थापना।

सन् 1922 हिन्दी प्रचारक प्रशिक्षण विद्यालय का प्रारंभ।

सन् 1923 "हिन्दी प्रचारक" पत्रिका का प्रकाशन - जो उत्तरोत्तर "हिन्दी प्रचार समाचार" के नाम से प्रकाशित होने लगा।

सन् 1936 प्रान्तीय शाखाओं की स्थापना।

सन् 1938 "दक्षिण भारत" साहित्यिक त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन।

सन् 1946 बापूजी ने लगातार दस दिन जनवरी 21 से 30 तक सभा में ठहरकर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया।

सन् 1946 गांधीजी की अध्यक्षता में रजत जयंती समारोह।

सन् 1964 भारत की संसद के द्वारा सभा को "राष्ट्रीय महत्व की संस्था" घोषित किया जाना।

सन् 1971 स्वर्ण जयंती समारोह।

सन् 1979 हीरक जयंती समारोह।

सन् 1991 राष्ट्रीय हिन्दी अनुसंधान ग्रन्थालय का उद्घाटन।

सन् 1993 अमृतोत्सव का उद्घाटन।

सन् 1994 आडियो कैसेट के माध्यम से प्रचार-प्रसार शुरू (हिन्दी व्याकरण, बोलचाल की हिन्दी आदि)।

सन् 1999 "बापू के प्रिय भजन" कैसेट का लोकार्पण।

सन् 1999 "त्रिभाषा शब्द कोश" का प्रकाशन।

सभा के प्रमाणित प्रचारक

सभा की राष्ट्रभाषा विशारद और राष्ट्रभाषा प्रवीण परीक्षाओं में उत्तीर्णता के पश्चात् उपाधिधारी (यदि उनकी आयु 18 वर्ष अथवा उससे अधिक हो तो) सभा के प्रमाणित प्रचारक बन सकते हैं। वे गाँवों व शहरों में सबेरे और शाम के वक्त वर्ग संचालन करके सभा की परीक्षाओं के लिए विद्यार्थी तैयार करते हैं। फिलहाल महिलाओं सहित इन प्रमाणित प्रचारकों की कुल संख्या करीब 52,000 है।

पुस्तक प्रकाशन व साहित्य निर्माण

भारतीय प्रकाशक संघ की ओर से दक्षिण भारत में हिन्दी पुस्तक प्रकाशन एवं बिक्री के माध्यम से समाज की विशिष्ट सेवा के लिए दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा को "विशिष्ट पुस्तक विक्रेता पुरस्कार" दिया गया।

राष्ट्रीय हिन्दी अकादमी की ओर से पांडिचेरी में आयोजित 12 वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में पुस्तक प्रदर्शनी का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

प्रायः प्रारंभिक व उच्च परीक्षाओं के लिए आवश्यक सभी पाठ्य-पुस्तकों की रचना व प्रकाशन सभा की ओर से किया जाता है। सभा ने पाठ्य-पुस्तकों के अलावा दक्षिण की संस्कृति, साहित्य आदि से संबंधित स्तरीय ग्रंथों के साथ-साथ हिन्दी और चारों प्रांतीय भाषाओं के कोशों का संकलन और प्रकाशन भी किया है।

सभा द्वारा प्रकाशित हिन्दी-अंग्रेज़ी, हिन्दी-तेलुगु, हिन्दी-तमिल, हिन्दी-कन्नड और हिन्दी-मलयालम की स्वबोधिनियाँ-अत्यंत लोकप्रिय हुई हैं। हाल ही में सभा ने त्रिभाषा "हिन्दी-अंग्रेज़ी-तमिल" कोश भी प्रकाशित किया है, जिसका सर्वत्र स्वागत हुआ है। उल्लेखनीय बात है कि अब तक सभा के द्वारा 450 से अधिक पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है।

पत्रिकाएँ

सभा प्रारंभ से ही मासिक "हिन्दी पत्रिका" प्रकाशित कर रही है। पहले उसका नाम "हिन्दी प्रचारक" था। अब "हिन्दी प्रचार समाचार" है। इसमें हिन्दी प्रचारकों तथा विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सामग्री प्रकाशित होती है। इसके अलावा सभा "दक्षिण भारत" नामक एक उच्च स्तरीय त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका का प्रकाशन भी विगत 23 वर्षों से कर रही है।

मुद्रणालय

सभा का मुद्रणालय भारत की लगभग आठ भाषाओं में मुद्रण करता है। सभा के मुद्रणालय को साफ आकर्षक और सुंदर छपाई के लिए अखिल भारतीय विशेषज्ञ संघ तथा भारत सरकार की ओर से पुरस्कार मिले हैं।

सभा के महत्वपूर्ण कार्य

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की अवधारणा के अनुसार बहुभाषी भारत में हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकारने तथा राष्ट्रीय एकता की प्रेरणा देने में सभा ने अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य किया है। दक्षिण के चारों प्रांतों को राष्ट्रभाषा की दृष्टि से एक इकाई मानकर सभा ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है।

सभा के प्रयत्नों का ही यह शुभ परिणाम है कि स्वतंत्रता के पहले अनेक जगहों में और स्वतंत्रता के बाद सर्वत्र दक्षिण के स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों में हिन्दी विषय तथा हिन्दी माध्यम का प्रवेश हुआ, हिन्दी के विभाग खोले गए, जिससे हज़ारों लोग हिन्दी में उच्च शिक्षा प्राप्त कर लाभान्वित हुए और यह क्रम आज भी जारी है।

स्त्री-शिक्षा की दिशा में सभा का काम महत्वपूर्ण है। जिन दिनों देश में स्त्री-शिक्षा का वातावरण सुषुप्तावस्था में था उस समय इसने हिन्दी के द्वारा महिलाओं को शिक्षित किया, उनमें आत्मविश्वास जागृत किया और उनको घर के संकुचित दायरे से बाहर निकलकर समाज और देश की सेवा करने की दिशा में प्रोत्साहित किया। इसके अलावा सभा ने ऐसे कई युवकों को भी हिन्दी में शिक्षित किया, जो स्कूलों में नहीं जा पाते थे। कहने का तात्पर्य है कि सभा ने **प्रौढ़ शिक्षा** के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य किया है।

सभा का एक और महत्वपूर्ण स्थान साहित्य के क्षेत्र में है। सभा ने दक्षिण की चारों भाषाओं में सैकड़ों ऐसे लोगों को तैयार किया, जिन्होंने हिन्दी तथा दक्षिणी भाषाओं के बीच साहित्यिक आदान-प्रदान का कार्य किया और कई मौलिक कृतियों की रचना कर साहित्य की अभिवृद्धि की।

हिन्दी शिक्षण के क्षेत्र में सभा ने अत्याधुनिक इलक्ट्रानिक दृश्य-श्रव्य माध्यम के क्षेत्र में भी कदम बढ़ाए हैं। इसके अन्तर्गत सभा तीन आडियो कैसेट (ध्वन्यंकित पाठ) जारी कर चुकी है –

(1) बोलचाल की हिन्दी (2) हिन्दी का सही प्रयोग (3) हिन्दी व्याकरण, भाग-I

हाल ही में सभा ने बापू के प्रिय भजनों का ध्वन्यंकन (आडियो कैसेट) जारी किया है। निकट भविष्य में वीडियो कैसेटों के निर्माण की योजना भी कार्यान्वित होगी।

सभा ने बोलचाल की हिन्दी पर ज़ोर देते हुए, "बच्चों की किताब", "रोज़मर्रा हिन्दी", "बोलचाल की हिन्दी" एवं "संभाषण हिन्दी" नाम की पुस्तकों का प्रकाशन तथा बालकों को स्कूलों में अंशकालीन शिक्षा के लिए "परिचय" परीक्षा संचालन कार्य भी शुरू किया है।

उच्च शिक्षा और शोध संस्थान (विश्वविद्यालय शाखा)

सन् 1964 ई. में संसद में पारित अधिनियम सं. 14 के अनुसार सभा को हिन्दी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चलाने और डिग्रियाँ प्रदान करने का अधिकार मिल गया है, उसीके अन्तर्गत सभा ने उच्च शिक्षा और शोध संस्थान के कार्य का शुभारंभ किया। इस संस्थान द्वारा हिन्दी में स्नातकोत्तर स्तर पर साहित्य और प्रयोजनमूलक पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। नियमित एम.ए. के वर्ग संचालित हो रहे हैं। एम.फिल., पीएच.डी., डी.लिट., के लिए शोध कार्य संपन्न हो रहा है और डिग्रियाँ प्रदान की जा रही हैं। संस्थान हिन्दी शिक्षक तैयार करने की दृष्टि से बी.एड., एवं शिक्षा स्नातक कालेज चला रहा है। अब बी.ए. (तीन वर्ष), एम.ए. (हिन्दी), स्नातकोत्तर अनुवाद डिप्लोमा, एम.फिल. और पीएच.डी. का दूरस्थ शिक्षा (Distance Education) पाठ्यक्रम भी शुरू हुआ है।

राष्ट्रीय हिन्दी अनुसंधान ग्रंथालय

सभा ने अपनी शैक्षणिक, साहित्यिक तथा प्रचारात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक ग्रंथालय शुरू किया, जो धीरे-धीरे बढ़ते हुए 40,000 ग्रंथों का आगार बन गया है। इसके अलावा जबसे सभा का उच्च शिक्षा और शोध संस्थान का प्रारंभ हुआ और शोध कार्य भी होने लगा, तबसे महसूस किया गया कि एक विशाल हिन्दी ग्रंथालय की आवश्यकता है। इसके लिए एक करोड़ रुपये की लागत से चेन्नई में "राष्ट्रीय हिन्दी अनुसंधान ग्रंथालय भवन" का निर्माण किया गया। इस ग्रंथालय का निरंतर विकास हो रहा है। अब इसमें करीब एक लाख से अधिक पुस्तकें हैं।

समर्पित हिन्दी सेवी, हिन्दी प्रचारकों, हिन्दी प्रेमियों और उत्साही छात्र-समुदाय के सहयोग एवं भारत सरकार के सीमित अनुदान की सहायता से महात्मा गांधी पदवीदान मण्डप का निर्माण सन् 1985-86 में संपन्न हुआ है।

शिक्षा विभाग

प्रचारक प्रशिक्षण विद्यालय निम्नलिखित केन्द्रों में चल रहे हैं: हैदराबाद, विशाखपट्टणम, तेनाली, गुन्तकल, अवनिगड्डा, विजयवाड़ा, काकिनाड़ा, जनगाँव, तिरुच्ची, ऊटी व चेन्नई।

महत्वपूर्ण वर्ष : सभा के इतिहास की दृष्टि से

संस्था की स्थापना	...	सन्	1918
प्रांतीय सभाओं की स्थापना	...	,,	1936
रजत जयंती	...	,,	1946
संपर्क कार्यालय, दिल्ली, की स्थापना	...	,,	1961
"राष्ट्रीय महत्व संस्था" की घोषणा एवं "उच्च शिक्षा एवं शोध संस्थान" की स्थापना	...	,,	1964
स्वर्ण जयंती	...	,,	1971
हीरक जयंती	...	,,	1979
अमृतोत्सव	...	,,	1993
दूरस्थ शिक्षा माध्यम से एम.ए. (हिन्दी) तथा स्नातकोत्तर अनुवाद डिप्लोमा पाठ्यक्रम	...	,,	2002
दूरस्थ शिक्षा माध्यम से बी.ए. (तीन वर्षीय) पाठ्यक्रम	...	,,	2004

प्रमुख दीक्षान्त भाषण-दाता

महात्मा गांधी, आचार्य काका कालेलकर, पंडित रामनरेश त्रिपाठी, मुंशी प्रेमचन्द, पंडित सुन्दरलाल, बाबू पुरुषोत्तमदास टंडन, श्रीमती सरोजिनी नायुडु, डॉ. पट्टाभि सीतारामय्या, आचार्य विनोबा भावे, डॉ. जाकिर हुसैन, आर.आर. दिवाकर, श्रीप्रकाश, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, बाबू जगजीवन राम, डॉ. बी. गोपाल रेड्डी, डॉ. के.एल. श्रीमाली, लाल बहादुर शास्त्री, डॉ. रामधारी सिंह "दिनकर", मोरारजी देसाई, डॉ. वी.वी. गिरी, डॉ. करन सिंह, श्री के.सी. पंत, श्री एल.पी. साही, श्रीमती राम दुलारी सिन्हा, श्री अच्युत पटवर्धन, प्रो. रामलाल पारीख, श्री खुर्शीद आलम खाँ, डॉ. मोटूरी सत्यनारायण, डॉ. अर्जुन सिंह, श्रीमती कृष्णा साही, श्रीमती सुशीला रस्तोगी, प्रो. नारायणदत्त तिवारी, श्री शिवमंगल सिंह "सुमन", जस्टिस रंगनाथ मिश्र, डॉ. देवेन्द्र गुप्त, श्री राधाकृष्ण बजाज, डॉ. रजनी रॉय, प्रो. सिद्धेश्वर प्रसाद, प्रो. विष्णुकान्त शास्त्री, डॉ. हरि गौतम, श्री टी.एन. चतुर्वेदी आदि।

सभा की प्रमुख पत्रिकाएँ:–

हिन्दी प्रचार समाचार (मासिक)	-	चेन्नई
हिन्दी पत्रिका ,,	-	(तमिलनाडु) तिरुच्चिरापल्ली
केरल भारती ,,	-	(केरल) एरणाकुलम
पूर्णकुंभ, स्रवंती ,,	-	(आन्ध्र) हैदराबाद
भारतवाणी ,,	-	(कर्नाटक) धारवाड़
दक्षिण भारत (साहित्यिक-त्रैमासिक)	-	चेन्नई

दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, एम.ए.(हिंदी) एवं स्नातकोत्तर अनुवाद डिप्लोमा पाठ्यक्रम

मुख्यालय:

	MADRAS	D.B. Hindi Prachar Sabha, Thanikachalam Road, T. Nagar, Chennai-600 017. Phone : 044 - 24332033, 24341824

क्षेत्रीय केन्द्र :

1.	DHARWAD	D.B. Hindi Prachar Sabha, (KARNATAKA) D.C. Compound, Dharwad-580 001. Phone : 0836 - 2747763
2.	HYDERABAD	D.B. Hindi Prachar Sabha, Khairatabad, Hyderabad-500 004. Phone : 040 - 23316865
3.	ERNAKULAM	D.B. Hindi Prachar Sabha, Chittoor Road, Ernakulam, Cochin-682 016. Phone : 0484 - 2377766
4.	TRICHY	D.B. Hindi Prachar Sabha, (TAMILNADU) 35-B, Tennur High Road, Tiruchirapalli-620 017. Phone : 0431 - 2792929

दूरस्थ शिक्षा परीक्षा केन्द्र :

1.	VIJAYAWADA	D.B. Hindi Prachar Sabha, Hindi College Road, Machavaram, Vijayawada-520 004. Phone : 0866 - 2435039
2.	BANGALORE	D.B. Hindi Prachar Sabha, 113/114, Subedar Chatram Road, Sheshadiri Puram, (Opp. Hoyasala Hotel), Bangalore-560 020. Phone : 080 - 23310150
3.	MADURAI	D.B. Hindi Prachar Sabha, No.9, Alavukkara Street, South Krishnan Koil Opp. Lane, South Masi Street, Madurai-625 001. Phone :
4.	VISHAKHAPATNAM	D.B. Hindi Prachar Sabha, Door No.13-322/2 Sector-II, Ambedkar Nagar, Arilova, Vishakhapatnam - 530 040. (A.P.)
5.	KOPPAL	D.B. Hindi Prachar Sabha, Gadah Road, Koppal - 583 231. (KARNATAKA)
6.	MYSORE	D.B. Hindi Prachar Sabha, Vani Vilasam Road, K.R. Mohalla, Mysore - 570 004. (KARNATAKA)
7.	JANGOAN	D.B. Hindi Prachar Sabha, A.B.V. Degree College Road, Jangoan - 506 167. Warangal (Dt.) (A.P.
8.	OOTY	D.B. Hindi Prachar Sabha, Coonoor Road, OOTY - 643 001. (T.N.)

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास
एम.ए. (हिंदी)/स्नातकोत्तर अनुवाद डिप्लोमा
दूरस्थ शिक्षा निदेशालय

प्रवेश:

संस्थान के एम.ए. (हिन्दी)/स्नातकोत्तर अनुवाद डिप्लोमा दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने के लिए वे ही अभ्यर्थी अर्ह होंगे, जोः-

संस्थान के द्वारा स्वीकृत, भारत के किसी भी सांविधिक विश्वविद्यालय से हिन्दी को एक विषय के रूप में लेकर (10+2+3 अथवा समकक्ष) उपाधि प्राप्त कर चुके हों;

अथवा

संस्थान के द्वारा स्वीकृत भारत के किसी भी सांविधिक विश्वविद्यालय की उपाधि के साथ (10+2+3 अथवा समकक्ष) दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास की राष्ट्रभाषा प्रवीण या सभा के द्वारा स्वीकृत समकक्ष हिन्दी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हों।

1. आवेदन पत्र को पूर्णरूप से सावधानी से भरकर भेजना जरूरी है। अपूर्ण आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत की जानेवाली जेराक्स अंक सूची (Xerox copies of Marks Sheet) प्रमाण-पत्र आदि को किसी राजपत्रित अधिकारी/स्कूल, कालेज के प्रधान के द्वारा साक्षीकृत करवाना ज़रूरी है।
3. एम.ए. (हिन्दी)/स्नातकोत्तर अनुवाद डिप्लोमा के आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित मूल प्रमाण पत्रों और उनकी एक-एक जेराक्स प्रति संलग्न करना आवश्यक हैः–
   (अ) दसवीं (10th S.S.L.C.)
   (आ) एच.एस.सी. (+2) या समकक्ष
   (इ) डिग्री (I, II, III) अंक सूची एवं प्रमाण-पत्र
   (ई) राष्ट्रभाषा प्रवीण या समकक्ष अंक सूची एवं प्रमाण-पत्र
   (उ) मूल स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (T.C.) (केवल एम.ए. में प्रवेश के लिए)
   (ऊ) मूल संस्थानांतरण प्रमाण-पत्र (Migration Certificate) (केवल एम.ए. में प्रवेश के लिए)
   - यदि प्रमाण-पत्र हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी को छोड़कर किसी अन्य भाषा में हों, तो उनका अंग्रेज़ी में अनुवाद– करवाकर राजपत्रित अधिकारी अथवा किसी शैक्षिक संस्था के प्रधान के द्वारा साक्षीकृत करवाएं।
4. स्थानांतरण तथा संस्थानान्तरण को छोड़कर सभी मूल प्रमाण पत्र जाँच के बाद वापस दे दिये जायेंगे। जिनको ये मूल प्रमाण-पत्र निश्चित समय के अंदर वापस प्राप्त नहीं हुए, वे निदेशक के नाम पत्र लिख सकते हैं।
5. जो छात्र वर्ष के बीच में अथवा प्रथम वर्ष के बाद पढ़ाई छोड़ देना चाहते/चाहती हैं, उन्हें द्वितीय वर्ष प्रारंभ होने के पहले ही लिखित सूचना निदेशक को देनी होगी।
6. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि निदेशालय को भेजने के पहले, सभी मूल प्रमाण पत्रों की जेराक्स प्रतियाँ पर्याप्त संख्या में रख लें।
7. छात्रों की जिम्मेदारी होगी कि वे समय पर शिक्षा एवं अन्य शुल्क जमा करके **पहचान-पत्र** दूरस्थ शिक्षा निदेशालय से प्राप्त करें।
   - उल्लिखित सभी प्रमाण-पत्र भेजना आवश्यक है अन्यथा छात्र/छात्रा का आवेदन-पत्र अस्वीकृत किया जा सकता है। प्रवेश के संबंध में दूरस्थ शिक्षा निदेशालय का निर्णय अंतिम होगा।
8. एम.ए. (दो वर्ष) पाठ्यक्रम पूरा करने **से पहले छात्र किसी अन्य कोर्स में प्रवेश नहीं ले सकेंगे।** ऐसा करने से उनका छात्रत्व रद्ध कर दिया जाएगा।

नोट : यदि किसी कारणवश मूल स्थानांतरण प्रमाण-पत्र/संस्थानांतरण प्रमाण-पत्र जमा नहीं किया जाता तो निदेशक, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय को आवेदन-पत्र देकर 20/- के शपथ पत्र पर छात्र को इसका दायित्व लेते हुए मसौदा भेजना होगा।

परीक्षाएँ:

1. परीक्षाएँ प्रत्येक सत्र के अंत में दिसंबर एवं मई में चलाई जाएँगी। परीक्षा आवेदन-पत्र निर्धारित समय पर दूरस्थ शिक्षा निदेशालय द्वारा परीक्षा शुल्क के विवरण के साथ भेजा जाएगा।
2. सभी पाठ्यक्रम की लिखित परीक्षाएँ दूरस्थ शिक्षा निदेशालय द्वारा निर्धारित केंद्रों (चेन्नई, हैदराबाद, धारवाड़, एरणाकुलम) पर चलायी जायेंगी। अन्य केंद्रों पर भी परीक्षा चलाई जा सकती है यदि उस केंद्र पर एम.ए./अनुवाद डिप्लेमा के कम से कम 20 विद्यार्थी हों। यह संख्या 10 तक भी हो सकती है यदि बी.ए. के परीक्षार्थियों की संख्या उस केंद्र पर पर्याप्त हो।
3. परीक्षाएँ लगातार रविवार और छुट्टियों में भी चलायी जाएगी जिस से सेवारत लोगों को कम से कम छुट्टी लेनी पड़े।
4. निर्धारित समय पर परीक्षा शुल्क न जमा करने वाले छात्र-छात्राओं का परीक्षा फल रोक लिया जाएगा।
5. परीक्षा आवेदन-पत्र पर तीन पासपोर्ट साइज़ का फोटो चिपकाना अनिवार्य होगा।
6. परीक्षा शुल्क रु.250/- एम.ए. प्रथम वर्ष के रु.1000/- एम.ए. द्वितीय वर्ष के लिए रु.1500/- और स्नातकोत्तर अनुवाद डिप्लोमा के लिए रु.1250/-, विलंब शुल्क पंद्रह दिन तक के लिए रु.150/- एवं उसके बाद तीस दिन तक के लिए रु.300/- होगा।

   DD, The Registrar Dakshina Bharat Hindi Prachar Sabha, Madras के नाम से लेकर रजिस्टर्ड डाक द्वारा The Director, Distance Education Directorate, Dakshina Bharat Hindi Prachar Sabha, T. Nagar, Chennai-17 को भेजना होगा।
7. एम.ए. के वे विद्यार्थी जो प्रथम वर्ष की परीक्षा नहीं दे सके हैं उन्हें द्वितीय वर्ष के कोर्स में प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है ऐसी स्थिति में उन्हें रुपये 1000/- नवीकरण शुल्क सत्र प्रारंभ होने के भीतर दूरस्थ शिक्षा निदेशालय को भेजना होगा। यदि विद्यार्थी पहले वर्ष का दत्त कार्य भेज चुके हैं तो उनका मूल्यांकन उसी दत्त कार्य के आधार पर किया जाएगा अन्यथा प्रथम वर्ष का दत्त कार्य द्वितीय वर्ष के दत्त कार्य के साथ निदेशालय में जमा करना अनिवार्य होगा। प्रथम वर्ष का नया दत्त कार्य मंगवाने एवं समय पर लिखकर जमा करने की जिम्मेदारी छात्र की होगी। इसके लिए छात्र को निर्धारित शुल्क प्रति प्रश्न पत्र रु.50 + 100 (डाक-खर्च) डी.डी. या चालान द्वारा जमा करना होगा तथा निदेशक, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय को पत्र लिखकर नए सत्र का दत्त कार्य मंगवाना होगा। इसके बाद ही नियमानुसार परीक्षा शुल्क जमा करने पर वार्षिक परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी।
8. जो विद्यार्थी द्वितीय वर्ष की परीक्षा के साथ-साथ प्रथम वर्ष का बैक लॉग भी देना चाहते हैं उन्हें समय पर आवेदन भेजने पर अनुमति दी जा सकती है। प्रवेश से लेकर पूरे पाँच वर्ष में विद्यार्थियों को पूर्ण रूप से सभी प्रश्न-पत्रों को उत्तीर्ण कर लेना होगा अन्यथा उनका प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा।
9. द्वितीय वर्ष का शुल्क जमा करने के बाद ही विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री भेजी जाएगी।
10. परीक्षा-आवेदन पत्र में विद्यार्थी एक बार जिस परीक्षा केंद्र का चयन करेंगे बाद में उसे बदला नहीं जाएगा। विशेष परिस्थिति में विद्यार्थी निर्धारित शुल्क रुपये 500/- जमा करके परीक्षा केंद्र बदलने का आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में अंतिम निर्णय दूरस्थ शिक्षा निदेशालय का होगा।
11. स्नातकोत्तर अनुवाद डिप्लोमा के छात्र यदि किसी कारण से वार्षिक परीक्षा नहीं दे पाते हैं तो उन्हें निर्धारित समय से पूर्व नवीकरण शुल्क रुपये 1000/- जमा करना होगा। निर्धारित समय के बाद भेजे गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
12. स्नातकोत्तर अनुवाद डिप्लोमा के वे विद्यार्थी जो पहले सत्र में दत्त कार्य एवं प्रोजेक्ट वर्क जमा कर चुके हैं उन्हीं के आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाएगा। यदि कोई विद्यार्थी दत्त कार्य, प्रोजेक्ट वर्क पहले नहीं भेज पाता है तो नवीकरण के पश्चात् दत्त कार्य, प्रोजेक्ट वर्क निर्धारित समय पर दूरस्थ शिक्षा निदेशालय से मंगवाने तथा समय पर जमा करने की जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। इसके लिए उसे दूरस्थ शिक्षा निदेशालय द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।
13. **परिचय पत्र :** प्रवेश प्राप्त करने के बाद विद्यार्थियों को परिचय पत्र दिया जायेगा। यदि किसी कारणवश परिचय पत्र खो जाता है तो निर्धारित शुल्क रुपये जमा करके विद्यार्थी नया परिचय-पत्र प्राप्त कर सकते हैं।
14. **पुस्तकालय :** सभा के सभी केन्द्रों में पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध है, इसकी सदस्यता दूरस्थ शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है।

नोट: छात्र सभा के स्थानीय केंद्र के पुस्तकालय के नियमों का पालन करने के लिए बाध्य होंगे।

उत्तीर्णता-नियम :

तृतीय श्रेणी (उत्तीर्णता अंक) (III Class)	40 - 49	प्रतिशत
द्वितीय श्रेणी (II Class)	50 - 59	प्रतिशत
प्रथम श्रेणी (I Class)	60 - 74	प्रतिशत
प्रथम श्रेणी - विशेष योग्यता (Distinction)	75 प्रतिशत से अधिक	

पुनःजाँच एवं श्रेणी सुधार:

1. पुनः जाँच की सुविधा तथा श्रेणी सुधार के लिए पुनः परीक्षा देने की सुविधा रहेगी। कुलसचिव के नाम परीक्षा परिणाम घोषित होने के 45 दिनों के भीतर आवेदन करना तथा निर्धारित शुल्क भेजना अनिवार्य है। पुनः जाँच के लिए प्रत्येक प्रश्न-पत्र के लिए रु.500/- शुल्क होगा और अंक गिनती करने के लिए प्रत्येक प्रश्न-पत्र के लिए रु.50/- शुल्क होगा। श्रेणी सुधार हेतु (विशेष अनुमति पर) पुनः परीक्षा के लिए प्रत्येक पत्र के लिए शुल्क रु.150/- रहेगा।
2. यदि किसी विद्यार्थी की अंक-सूची में नाम या अन्य प्रकार की कोई त्रुटि हो तो सुधरी हुई अंक सूची के लिए 60 दिनों के भीतर आवेदन निर्धारित शुल्क रुपये 100/- के साथ जमा करना होना। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

शुल्क-विवरण

	एम.ए. (हिन्दी) I	एम.ए. (हिन्दी) II	स्नातकोत्तर अनुवाद डिप्लोमा (एक वर्ष)
	रु.	रु.	रु.
1. आवेदन पत्र	**500**		
2. वार्षिक शुल्क + डाक, स्टेशनरी, अन्य	5500	5500	5250
विलंब शुल्क	100	+ 200	
3. परीक्षा शुल्क	1000	(प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए रु. 250/-)	
4. स्थानांतरण शुल्क	500	+ रु. 50 डाक खर्च	
5. संस्थानांतरण शुल्क	500	+ रु. 50/- डाक खर्च	
6. प्राविजनल प्रमाणपत्र	600	+ रु. 50/- डाक खर्च	
7. परीक्षा केंद्र बदलने हेतु शुल्क	500		
8. पता बदलने हेतु शुल्क	100		
9. नवीकरण शुल्क	1000		
10. पुराने छात्रों को नया दत्तकार्य भेजने हेतु शुल्क	200	प्रति प्रश्न पत्र रु.50 + 100 (डाक खर्च)	
11. लौटा हुआ दत्त कार्य पुनः भेजने हेतु शुल्क	200	प्रति प्रश्न पत्र रु.50 + 100 (डाक खर्च)	
12. लौटी हुई पाठ्य सामग्री पुनः भेजने हेतु शुल्क	500		
13. मूल प्रमाण पत्र हेतु शुल्क	1000	+ 50 (डाक खर्च)	
14. नाम बदलने हेतु शुल्क	500		
15. डुप्लिकेट प्रमाण पत्र हेतु शुल्क	1000	+ 50 डाक खर्च	

1. एम.ए. द्वितीय वर्ष के लिए शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख	- 30 जून, 25 फरवरी
2. एम.ए. द्वितीय वर्ष के लिए विलम्ब शुल्क रु. 150/- के साथ जमा करने की अंतिम तारीख	- 30 जुलाई, 30 मार्च
3. एम.ए. प्रथम वर्ष/पी.जी. अनुवाद डिप्लोमा के पंजीकरण शुल्क तथा शिक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख	- 7 जुलाई, 25 फरवरी
(क) विलम्ब शुल्क रुपये 150/- के साथ शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख	- 31 अगस्त, 30 मार्च
(ख) विलम्ब शुल्क रुपये 300/- के साथ शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख	- 30 सितम्बर, 30 अप्रैल
(ग) विलम्ब शुल्क रुपये 500/- के साथ शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख	- 31 अक्तूबर, 30 मई

भुगतान की पद्धति

1. भरे हुए आवेदन-पत्र के साथ पंजीकरण शुल्क तथा अन्य सभी शुल्क के लिए एक डी.डी. **"The Registrar, Dakshina Bharat Hindi Prachar Sabha, Madras"** के नाम लेकर रजिस्टर्ड डाक द्वारा **निदेशक,**

दूरस्थ शिक्षा निदेशालय The Director, Distance Education Directorate, Dakshina Bharat Hindi Prachar Sabha, T. Nagar, Chennai-17, को यथासमय भेजना अनिवार्य होगा।

2. तात्कालिक रूप से प्रवेश अनुमति-पत्र प्राप्त होते ही, प्रथम वर्ष का वार्षिक शुल्क एवं अन्य शुल्क जमा करना होगा। द्वितीय वर्ष के लिए शुल्क जमा करने की अलग से सूचना नहीं दी जाएगी। अतः छात्रों को सलाह दी जाती है कि द्वितीय वर्ष का शुल्क समय पर जमा करने के लिए "विवरण पत्रिका" को सुरक्षित रखें। शुल्क बकायेदारों का प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा। पुनः प्रवेश के लिए निदेशक की विशेष अनुमति प्राप्त करनी होगी। **छात्रों को किस्तों में शुल्क अदा करने के लिए अनुमति नहीं है।**
3. शिक्षा-शुल्क एवं परीक्षा शुल्क के लिए **अलग-अलग डी.डी.** लेकर भेजना अनिवार्य है।
4. **एक बार शुल्क अदा करने पर किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।**

सामान्य अनुदेश :

1. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि शुल्क-रकम **The Registrar, Dakshina Bharat Hindi Prachar Sabha, T. Nagar, Madras-600 017** के नाम डी.डी. के द्वारा अथवा देना बैंक विस्तरण शाखा में जमा करके **The Director, Distance Education Directorate, Dakshina Bharat Hindi Prachar Sabha, T. Nagar, Chennai-600 017** के नाम **Registered Post with Acknowledgement due** पर भेज सकते हैं या समक्ष पहुँचा सकते हैं। मनी आर्डर, मेईल ट्रान्सफर के द्वारा शुल्क स्वीकृत नहीं किया जाएगा।
2. अन्य किसी माध्यम (मनी आर्डर, मेल ट्राँसफर या नकद) से शुल्क का भुगतान करने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई विद्यार्थी ऐसा करता है तो इसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा। इस संबंध में किसी भी स्थिति में दूरस्थ शिक्षा निदेशालय जवाबदेय नहीं होगा।

शिक्षण पद्धति :

दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम के अन्तर्गत छात्रों के लाभार्थ शिक्षण निम्नप्रकार से दिया जाएगाः-

1. पाठ्य-सामग्री :

* पाठ्य-सामग्री 'दूरस्थ शिक्षा निदेशालय' दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, द्वारा शिक्षा शुल्क अदा करने के निर्धारित समय के भीतर भेजी जाएगी। पाठ्य-सामग्री, प्रश्न-बैंक, दत्तकार्य उत्तर पुस्तिका और संबंधित पुस्तकों के लिए अलग से शुल्क देना होगा, जिसकी सूचना यथासमय दी जाएगी। (शुल्क विवरण हेतु, शुल्क-विवरण तालिका देखे)
* यदि किसी कारणवश (डाक संबंधी या अन्य) पाठ्य सामग्री दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के पास वापस लौट आती है तो उसे पुनः भेजने के लिए निर्धारित शुल्क रु.500/- जमा करना होगा।

2. व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम :

* व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम चुने गए केन्द्रों में प्रति वर्ष चलाया जाएगा। इस संबंध में छात्रों की संख्या के आधार पर प्रान्तीय सचिवों से विचार-विमर्श करके निर्णय लिया जाएगा। जिसकी सूचना यथा समय विद्यार्थियों को दी जायेगी।
* व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम न्यूनतम 5 छात्रों के उपस्थित होने पर ही निर्धारित केन्द्रों पर चलाया जाएगा। विशेष परिस्थितियों में निदेशालय किसी केन्द्र में चलाए जानेवाले व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम को निरस्त कर सकता है। **व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम में उपस्थिति अनिवार्य है।**

3. दत्तकार्य :

(i) दूरस्थ शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रत्येक शैक्षिक वर्ष में दो दत्त कार्य भेजें जायेंगे।
(ii) प्रत्येक प्रश्न-पत्र में आंतरिक मूल्यांकन के लिए 25 अंक निर्धारित हैं।
